**पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ**

**प्रेस विज्ञप्ति**

**विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 12 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में कुल 04 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**दिनांक-01.09.2024**

**दिनांक 31/01.09.2024 को थाना मडियांव 04, चिनहट 02, मोहनलालगंज 02, निगोहाँ 01,पारा 01,ठाकुरगंज 01, सैरपुर 01, अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में थाना अलीगंज 01,गोमतीनगर 01,काकोरी 01,सआदतगंज 01 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 16 अभियुक्त एवं एनबीडब्लू में कुल 04 अभियुक्त गिरफ्तार।**

**भा0द0वि0/बी0एन0एस0**

**थाना आलमबाग**-दिनांक 01.09.2024 थाना आलमबाग द्वारा बताया गया कि वादी श्री नवनीत रावत पुत्र राम दयाल रावत निवासी 538क 1749 शिवलोक त्रिवेणी नगर III थाना अलीगंज लखनऊ ने थाना आलमबाग पर सूचना दिया कि दिनांक 31.08.2024 को समय करीब 10.00 बजे सुबह गाडी नम्बर यू0पी0 32 डब्लू एन 4434 हाइड्रा के अज्ञात चालक द्वारा किसी अज्ञात महिला उम्र करीब 50 वर्ष को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी,जिससे उस महिला की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। **इस सूचना पर थाना आलमबाग पर मु0अ0सं0 155/2024 धारा 281/106 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना मडियांव**-दिनांक 01.09.2024 थाना मड़ियांव द्वारा बताया गया कि वादी श्री मुकेश रावत पुत्र श्री प्रकाश रावत निवासी रहीमनगर डुडौली थाना मड़ियांव लखनऊ ने थाना मड़ियांव पर सूचना दिया कि वादी के मित्र रजनीश पुत्र छोटहा निवासी रहीमनगर थाना मड़ियांव जनपद लखनऊ के द्वारा अपनी आवश्यकता बताकर वादी से 35,000/-रुपये लिये गये,जिसमें से 27300/- रुपये वादी द्वारा रजनीश को गूगल पे मोबाइल 7307555253 व 6306401017 पर ट्रांसफर किये गये है व शेष रुपये वादी द्वारा रजनीश को नगद दिये गये है। जब वादी अपने रुपये वापस मांगता है तो रजनीश द्वारा का वादी का फोन नहीं उठाया जाता है तथा रजनीश अपना फोन स्विच ऑफ कर लेता है। वादी जब रजनीश के घर पहुँचा तो उसके घर के परिजनों द्वारा बताया गया कि रजनीश दिल्ली में है। रजनीश द्वारा वादी का मोबाइल नम्बर ब्लॉक कर दिया गया। **इस सूचना पर थाना मड़ियांव पर मु0अ0सं0 518/2024 धारा 406 भादवि का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**थाना गोमतीनगर**-दिनांक 01.09.2024 थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री धनन्जय त्रिपाठी पुत्र स्व0 सच्चिदानन्द त्रिपाठी निवासी 3/106 विनयखण्ड थाना गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि वादी के स्टेट बैंक के खाता से गूगल पे को हैकर द्वारा हैक कर दिनांक 22.03.2024 से कई किस्तों में लगभग 4,47,000/-रुपये निकाल लिये गये जो शिवम सिंह मोबाइल नम्बर 8171702148 के खाते में ट्रांसफर हुए है। वादी के परिवार का स्वास्थ्य कोविड-19 के बाद से ज्यादा खराब रहने लगा है। जिसके कारण वादी अपने खाते की टांजेक्शन पर ध्यान नही दे पाया। दिनांक 13.07.2024 को वादी को पता चला कि वादी के खाते में पैसे नहीं है। जिसके बाद वादी के द्वारा चेक करने पर पता चला कि शिवम सिंह के खाते में उपरोक्त धनराशि ट्रांसफर हुयी है। शिवम सिंह से मोबाइल नम्बर द्वारा सम्पर्क करने पर शिवम सिंह ने स्वीकार किया कि पैसा उनके खाते में ट्रांसफर हुया है। और शिवम सिंह द्वारा पैसे वापस देने का आश्वासन भी दिया गया तथा तीन किस्तों में 10,000/- रुपये वापस भी किये गये। वादी ने स्टेट बैंक व साइबर सेल को भी सूचित कर दिया है । **इस सूचना पर थाना गोमतीनगर पर मु0अ0सं0 420/2024 धारा 66 डी आईटी एक्ट व 316(2) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>थाना गोमतीनगर</u>**-दिनांक 01.09.2024 थाना गोमतीनगर द्वारा बताया गया कि वादी श्री अक्षय अग्रवाल पुत्र श्री राजीव अग्रवाल निवासी 3/131 विश्वास खण्ड थाना गोमतीनगर लखनऊ ने थाना गोमतीनगर पर सूचना दिया कि वादी के घर में काम करने वाले सूरज ,राजेश,अन्नू निवासी रामलखन बजेहरा कोरियन पुरवा ग्राम सभा बजेहरा चांदपुर तहसील महमूरा बाद भुडकला सीतापुर के निवासी है। जो तीनों सगे भाई है। तीनो भाई लगभग 4-5 साल से वादी के घर में काम करते थे और परिवार की तरह रहते थे। वादी को 01 साल से लग रहा था कि वादी के घर से पैसे चोरी हो रहे है। जब पूछा जाता तो सब लोग मुकर जाते थे और कहते कि हम नहीं जानते है। जिसके पश्चात वादी द्वारा 01 माह पूर्व घर में कैमरे लगवाये गये। दिनांक 30.08.2024 को समय करीब 08.15 बजे वारदात कर रहे थे तो वादी के मोबाइल पर मैसेज आया तो कैमरे में देखा तो सूरज राड पकड़े हुए चोरी कर रहा था और तिजोरी से 3-4 लाख रुपये लेकर भाग गया दोनो भाईयों ने मिलकर वादी के घर में काफी दिनो से चोरी कर रहे थे। दोनो की हरकतें सीसीटीवी में कैद है। **इस सूचना पर थाना गोमतीनगर पर मु0अ0सं0 423/2024 धारा 305(ए) बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**<u>थाना गुडम्बा</u>**-आज दिनांक 01.09.2024 को थाना गुडम्बा द्वारा बताया गया कि सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुडम्बा लखनऊ से आज समय करीब 12.44 बजे दोपहर में एक मेमो थाना स्थानीय पर इस आशय से भेजा गया कि श्रीराम पुत्र स्व0 मुरली निवासी भीखापुरवा दसौली बसहा थाना गुडम्बा लखनऊ को दिनांक 01.09.2024 को समय करीब 11.44 बजे सुबह श्रीराम उपरोक्त को एम्बुलेन्स से लाया गया जिनका एक्सीडेन्ट अवधपुरम दसौली कर्सी रोड लखनऊ पर हुआ था और अस्पताल में परीक्षण पश्चात डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। **इस सूचना पर उ0नि0 संजय कुमार गुप्ता मो0नं0- 7784923623 थाना गुडम्बा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि श्रीराम उपरोक्त उम्र करीब 60 वर्ष गाँव में पूजा पाठ किया करते है। जिनका एक पुत्र अर्जुन 35 वर्ष है। श्रीराम उपरोक्त अपनी मोटरसाइकिल यू0पी0 32 पी0सी0 3936 होण्डा एस0पी0 रंग नीला व अपने पौत्र ओम उम्र करीब 21 वर्ष के साथ अवधपुरम दसौली कर्सी रोड के पास खडे थे तभी एक अज्ञात ट्रैक्टर चालक द्वारा तेज व लापरवाहीपूर्वक जोरदार टक्कर मार देने से श्रीराम को गम्भीर रुप से घायल कर दिया जिन्हे स्थानीय लोगो द्वारा एम्बुलेन्स से सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुडम्बा भर्ती कराया गया जहाँ डॉक्टरो द्वारा श्रीराम को मृत घोषित कर दिया गया। व पौत्र ओम को सामान्य चोटें आयी है। जो सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुडम्बा लखनऊ मे भर्ती है और स्थिति सामान्य है।

**<u>थाना गुडम्बा</u>**-आज दिनांक 01.09.2024 को थाना गुडम्बा द्वारा बताया गया कि सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुडम्बा लखनऊ से आज समय करीब 08.45 बजे दोपहर में एक मेमो थाना स्थानीय पर इस आशय से भेजा गया कि आज दिनांक 01.09.2024 समय 06.46 सुबह एक अज्ञात मरीज को एम्बुलेन्स से सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुडम्बा लखनऊ लाया गया जो गायत्री पार्क निकट रैनवो स्कूल के पास बेहोशी की हालत में पाया गया था। परीक्षण पश्चात अज्ञात मरीज को मृत घोषित कर दिया गया। **इस सूचना पर उ0नि0 त्रिविक्रम मो0नं0-9415960877 थाना गुडम्बा द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक की पहचान अभिषेक कुमार गौतम उम्र करीब 15 वर्ष पुत्र राजेश कुमार गौतम निवासी रामनगर थाना माल लखनऊ हाल पता किराये का मकान ग्राम डेढापुर थाना गुडम्बा लखनऊ के रुप मे की गयी। अभिषेक उपरोक्त रोजाना सुबह गायत्री पार्क में टहलने जाता था।पार्क के अन्दर लगे बिजली के पोल में करन्ट उतरने से टहलने के दौरान करन्ट की चपेट में आ गया। जिसे एम्बुलेन्स की मदद से इलाज के लिये सामूदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुडम्बा लखनऊ ले जाया गया। जहाँ परीक्षण के पश्चात डॉक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।